पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

श्री तारक मेहता के निधन पर राज्यपाल दुःखी

लखनऊः 01 मार्च, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने गुजराती साहित्यकार, लेखक, पत्रकार, स्तम्भकार पद्मश्री तारक मेहता के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

श्री नाईक ने अपने शोक सन्देश में कहा है कि श्री तारक मेहता उनके पुराने मित्र रहे है उनका निधन उनके लिये एक व्यक्तिगत क्षति है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।

उल्लेखनीय है कि श्री तारक मेहता ने गुजराती पत्रिका 'चित्रलेखा' में 1971 में 'दुनिया का औंधा चश्मा' नाम से हास्य लेख लिखना शुरू किया था। इसी के आधार पर टी0वी0 हास्य धारावाहिक 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' बनाया गया। इस धारावाहिक ने बहुत ही ख्याति अर्जित की है।

अंजुम/ललित/राजभवन (72/02)